# विदेशी निवेश आकर्षित करने को अमेरिकी चैंबर ऑफ कॉमर्स से मिलाएंगे हाथ

## यूपी सरकार ने विदेश मंत्रालय को भेजा प्रस्ताव, सुझाव आने के बाद होगा एमओयू

**अमर उजाला ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए भारत स्थित अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स से हाथ मिलाएगी। सरकार ने एमओयू का मसौदा विदेश मंत्रालय को सुझाव के लिए भेज दिया है। केंद्र की सहमति के बाद एमओयू की योजना है।

**निर्यात, निवेश, तकनीक हस्तांतरण, जॉइंट वेंचर, मार्केटिंग में बढ़ाई जाएगी साझेदारी**

शासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रदेश सरकार को इंडो अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईएसीसी) का औद्योगिक विकास विभाग के साथ एक एमओयू व ज्वाइंट वर्किंग ग्रुप बनाने संबंधी प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। आईएसीसी के अमेरिकी व भारतीय उद्योगों के करीब 2000 प्रतिनिधि सदस्य हैं। आईएसीसी आपसी व्यापार, निर्यात, निवेश, तकनीक हस्तांतरण, जॉइंट वेंचर, मार्केटिंग टाई-अप व रणनीतिक साझेदारी को लेकर प्रोएक्टिव भूमिका अदा करेगा। शासन के एमएसएमई विभाग ने आईएसीसी के साथ मिलकर अमेरिकी निवेश आकर्षित करने व प्रदेश के ओडीओपी व अन्य उत्पादों के निर्यात में वृद्धि में सहयोग से जुड़ी योजना तैयार की है।

इस साझेदारी से संबंधित प्रस्ताव इन्वेस्ट यूपी के एडिशनल सीईओ मुथुकुमारसामी बी. की ओर से विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव वीएस राव को भेज दिया गया है। वहां से आवश्यक सुझाव प्राप्त होने के बाद एमओयू से संबंधित कार्यवाही की जाएगी।

### संयुक्त कार्यदल बनाने का प्रस्ताव

अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स व यूपी सरकार के बीच एक संयुक्त कार्यदल बनाने की योजना है। इसमें यूपी सरकार की ओर से अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त व अपर मुख्य सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास शामिल होंगे। अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से डीजी सीईओ व रीजनल डायरेक्टर उत्तरी क्षेत्र शामिल होंगे।